# Annexure- C-2(2.11.1)

**Life Skills (Yoga, Martial Arts, Problem Solving, Critical thinking, Decision making, Effective communication skills, coping with stress and emotions etc.)**

Different activities are conducted in Yoga (2) Problem Solving (5), Critical thinking (2), Decision making (3), Effective communication skills (2), coping with stress and emotions etc.(1) in college. The details are as follows:

| S.No. | Programme Organized | College Unit/Cell | Invited Resource person |
|---|---|---|---|
| 1. | 7-days Yog Prashikshan Shivir | College NSS Unit | Prof. Ram Krishan |
| 2. | International Day of Yoga 2024 | College NCC, NSS Unit | Prof. Ram Krishan |
| 3. | Personality Development and Tips for creating travel Itineraries that sell | B.Voc. (Hospitality & Tourism Students) | Mrs.Goldi Chauhan |
| 4. | Guest Lecture on Give Wings to Your Dreams | Deptt. BCA and PGDCA | Dr. Arun K. Bhardwaj |
| 5. | Seminar on "Challenges and Opportunities of Entrepreneurs in Emerging Economics" | Deptt. BBA | Mr. Gulshan Sandhu |
| 6. | Seminar on " Current Job Opportunities in Artificial Intelligence Technology in India and Abroad" | Deptt. BBA | Mr. Harish Chawla, Mr. Bhushan Bansal, Ms. Manu |
| 7. | National Students Payavaran Competition under Paryavaran Sanrakshan Gatividhi (lecture on waste management, Elimination of plastic and biodegradable material use and climate control initiatives) | All UG/PG students | ----- |
| 8. | Etiquettes and Manners for Hotel Staff and Front Officer Department (Critical thinking) | B.Voc. (Hospitality & Tourism Students) | Mr. parnish Pathania |
| 9. | Seminar on "Beginning Steps to Become IT Professional" (Problem Solving and Critical thinking) | Deptt. BCA and PGDCA | Mr. Suleman Khan |
| 10. | Awareness on Anti-ragging (coping with stress and emotions) | Anti Ragging Cell | Mr. Rajeev Chauhan Mr. Rakesh Kumar |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 11. | Seminar on “Anti Ragging Awareness”<br>(coping with stress and emotions) | Anti Ragging Cell | Dr. Mahender Bhatia |
| 12. | Orientation Programs for new students<br>(Decision making) | Deptt. BBA and BCA | -- |
| 13. | संस्कृत सप्ताह के अन्तर्गत विशेष व्याख्यान<br>(Effective communication skills) | Deptt. Of Sanskrit | Dr. Lekh Ram Sharma |
| 14. | एक दिवसीय व्याख्यान जगद्गुरु शंकराचार्य व्याख्यानमाला कार्यशाला<br>(Effective communication skills) | Deptt. Of Sanskrit | Dr. Om Prakash Sharma |
| 15. | Various activities for coping stress<br>(Educational Tour, model preparation, Rangoli competition, Mahandi competition) | Deptt. BBA | ------ |

**The detailed reports of the events are available with the organizing departments**

223

DATE

# 61 ने किया रक्तदान



घुमारवीं : शिविर में रक्तदान करते महाविद्यालय के विद्यार्थी। (केशव)

घुमारवीं, 21 फरवरी (केशव): स्वामी विवेकाननद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में एन.एस.एस., नैशनल कैडेट कोर, रोवर एंड रेंजर, रोड सेफ्टी क्लब और रैड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन करवाया गया, जिसमें प्राचार्य प्रो. रामकृष्ण ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

इस अवसर पर मुख्यातिथि प्रोफैसर रामकृष्ण ने रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मानव रक्त का उत्पादन किसी भी मशीन में संभव नहीं है इसलिए जरूरत पड़ने पर खून की आपूर्ति मानव के रक्त से ही संभव है।

रक्तदान शिविर सुबह करीब दस बजे से लेकर तीन बजे तक चला। इस शिविर में 61 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

पंजाब केसरी 22/02/2024

# घुमारवीं कालेज के स्वयंसेवी सीखेंगे योग



स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में शुरू हुए सात दिवसीय एनएसएस शिविर में उपस्थित प्राचार्य रामकृष्ण व अन्य • जागरण

**घुमारवीं** : स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में प्राचार्य रामकृष्ण ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते हुए सात दिवसीय एनएसएस शिविर और योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ आचार्य डा. सुरेश शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। स्वयंसेवी धीरज और साक्षी ने एनएसएस के महत्व के बारे में बताया। प्रो. सुरेश शर्मा ने बताया एनएसएस का उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना होता है। प्राचार्य प्रो. रामकृष्ण ने एनएसएस के इतिहास के बारे में चर्चा की और विद्यार्थियों को शिविर के लिए शुभकामनाएं दी। योग प्रशिक्षण शिविर में डा. रीता ने योग की रूपरेखा, समय, उद्देश्य के बारे में बताया। कार्यक्रम में 60 विद्यार्थियों ने भाग लिया। एनएसएस प्रभारी ने प्राचार्य को स्मृति चिह्न प्रदान किया। एनएसएस कार्यवाहक प्रभारी प्रो. रमेश चंद शर्मा ने मंच संचालन और एनएसएस प्रभारी प्रो. पूजा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रो. कविता सहित अन्य मौजूद रहे। (संस)

दैनिक जागरण 23/02/2024



घुमारवीं महाविद्यालय में आयोजित एनएसएस शिविर और योग प्रशिक्षण शिविर में स्वयंसेवी और विद्यार्थियों को संबोधित करते वक्ता। संवाद

# घुमारवीं महाविद्यालय में एनएसएस शिविर का शुभारंभ

घुमारवीं (बिलासपुर)। स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) और योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ वीरवार को हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. राम कृष्ण ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। समारोह में वरिष्ठ आचार्य डॉ. सुरेश शर्मा विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। स्वयंसेवी धीरज और साक्षी ने एनएसएस के महत्व के बारे में बताया। प्राचार्य प्रो. राम कृष्ण ने एनएसएस के इतिहास के बारे में चर्चा की और विद्यार्थियों को शिविर के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रो. सुरेश शर्मा ने बताया कि एनएसएस का उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना होता है। इसमें मानसिक, बौद्धिक, शारीरिक, नैतिक चारित्रिक, सामाजिक और संपूर्ण मानवीय विकास आवश्यक है। उन्होंने स्वयंसेवियों से कहा कि समाजसेवा करते हुए श्रमदान करें और शर्म को दूर रखकर अपना कर्तव्य निभाएं। एनएसएस कार्यवाहक प्रभारी प्रो. रमेश चंद शर्मा ने मंच संचालन और एनएसएस प्रभारी प्रो. पूजा ने सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर प्रो. कविता और अन्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। संवाद

अमर उजाला 23/02/2024

Principal
S.V. Govt. Degree College
Ghumarwin, Distt. Bilaspur (H.P.)

# एनएसएस का उद्देश्य सम्पूर्ण मानवीय विकास करना : प्रो रामकृष्ण

## घुमारवीं महाविद्यालय में एनएसएस शिविर का शुभारंभ

बिलासपुर, (आपका फैसला)। स्वामी विवेकानंद राजकीय



महाविद्यालय घुमारवीं में सात दिवसीय एनएसएस शिविर और योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ प्राचार्य रामकृष्ण द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य राम कृष्ण और वरिष्ठ आचार्य डॉ. सुरेश शर्मा ने विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। एनएसएस स्वयंसेवी धीरज और साक्षी ने एनएसएस के महत्व के बारे में बताया। प्रो. सुरेश शर्मा ने अपने संबोधन में बताया कि एनएसएस का उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना होता है जिसमें मानसिक, बौद्धिक, शारीरिक, नैतिक चारित्रिक, सामाजिक तथा सम्पूर्ण मानवीय विकास आवश्यक है। उन्होंने कहा कि समाजसेवा करते श्रमदान करें तथा समय शर्म को दूर रख कर अपना कर्तव्य निभाए। प्राचार्य प्रो. राम कृष्ण एनएसएस के इतिहास के बारे में चर्चा की और विद्यार्थियों को शिविर के लिए शुभकामनाएं दी। योग प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत डॉ. रीता ने योग शिविर की रूपरेखा, समय, उद्देश्य के बारे में बताया। इस कार्यक्रम में 60 विद्यार्थियों ने भाग लिया। एनएसएस प्रभारी द्वारा प्राचार्य को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। एनएसएस कार्यवाहक प्रभारी प्रो. रमेश चन्द शर्मा ने मंच संचालन और एनएसएस प्रभारी प्रो. पूजा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

classmate

PAGE

आपका फैसला 23/02/2024

## घुमारवीं कॉलेज में हुई महिला कबड्डी प्रतियोगिता

**घुमारवीं (बिलासपुर)।** राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में वार्षिक खेलों के आयोजन के तहत अंतर कक्षीय और अंतर संकाय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. रामकृष्ण ने किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के मानसिक, बौद्धिक विकास के साथ-साथ शारीरिक विकास भी बहुत महत्वपूर्ण है। फाइनल मैच में महाविद्यालय की टीम ए ने टीम बी से 21 के मुकाबले 42 स्कोर से मैच जीता। खिलाड़ियों में अंकित शर्मा, श्वेता ठाकुर, प्रियंचाल, स्वाति, शालू, रिया, आरती शर्मा, बबली, अंशु ठाकुर, अनामिका, तमन्ना, किरण, नेहा का प्रदर्शन सराहनीय रहा। इस अवसर पर डॉ. सुरेश शर्मा, खेल प्रभारी प्रो. रमेश शर्मा और अन्य उपस्थित रहे। संवाद

अमर उजाला 25/02/2024

## शिविर में विद्यार्थियों ने सीखे योग आसन



घुमारवीं कॉलेज में योग शिविर में योगासन करतीं युवतियां। संवाद

**घुमारवीं (बिलासपुर)।** स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस और योग प्रशिक्षण शिविर में स्वयंसेवियों ने विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया। शिविर में आयुर्वेदिक हेल्थ वेलनेस सेंटर भगेड़ से योग प्रशिक्षिका वैशाली ने किशोरियों को माहवारी के दौरान किए जाने वाले योगाभ्यास, सूक्ष्म व्यायाम सिखाए। योग प्रशिक्षिका ने विद्यार्थियों द्वारा पूछे जाने पर पीठ और कमर दर्द, नाभि विस्थापित, सर्वाइकल के लिए योगाभ्यास बताया। योग शिविर की संयोजक डॉ. रीता ने कहा कि योग शिविर में छात्रावास की सभी छात्राएं, एनएसएस स्वयंसेवी और महाविद्यालय के विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। शिविर में तीन सत्र रखे गए हैं। दिन का सत्र डे-स्कॉलर के लिए विशेष रूप से रखा गया है। शिविर में योग प्रशिक्षकों द्वारा नेति, वमन, आसन, प्राणायाम, ध्यान सिखाया जा रहा है। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी प्रो. रमेश चंद, प्रो. पूजा और अन्य उपस्थित रहे। संवाद

अमर उजाला 26/02/2024

## विद्यार्थियों को करवाया योगाभ्यास



राजकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में रविवार को आयोजित सात दिवसीय शिविर में योगाभ्यास करते हुए विद्यार्थी • जागरण

**घुमारवीं :** स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय में सात दिवसीय एनएसएस और योग प्रशिक्षण शिविर में रविवार को योगाभ्यास व सूक्ष्म व्यायाम करवाया। आयुर्वेदिक हेल्थ वेलनेस सेंटर भूगेड़ में योग प्रशिक्षिका वैशाली ने महिलाओं और किशोरियों के लिए माहवारी के दौरान योगाभ्यास, सूक्ष्म व्यायाम व कठिन आसनों के लिए शुरुआती अभ्यास व प्राणायाम का अभ्यास करवाया। वैशाली ने विद्यार्थियों द्वारा पूछने पर पीठ व कमर दर्द, नाभि विस्थापित तथा सर्वाइकल के लिए योगाभ्यास बताया। योग शिविर की संयोजक डा. रीता ने कहा योग शिविर के चौथे दिन छात्रावास की सभी छात्राएं, एनएसएस स्वयंसेवी और विद्यार्थी शामिल हुए। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी प्रो. रमेश चंद तथा प्रो. पूजा ने वैशाली का विद्यार्थियों की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया। (संस)

दैनिक जागरण 26/02/2024

## घुमारवीं महाविद्यालय में लगा योग प्रशिक्षण शिविर



**बिलासपुर, (आपका फैसला)।** स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस और योग प्रशिक्षण शिविर में आज आयुर्वेदिक हैल्थ वेलनेस सैंटर भगेड़, में योग प्रशिक्षिका वैशाली ने महिलाओं और किशोरियों के लिए माहवारी के दौरान योगाभ्यास, सूक्ष्म व्यायाम व कठिन आसनों के लिए शुरुवाती अभ्यास व प्राणायाम का अभ्यास करवाया। वैशाली ने शिविर मे भाग ले रहे एनएसएसए छात्रावास व महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा पूछे जाने पर पीठ व कमर दर्द, नाभि विस्थापित तथा सर्वाइकल के लिए योगाभ्यास बताया। योग शिविर की संयोजक डॉ. रीता ने कहा कि योग शिविर का आज चौथा दिन है इसमे छात्रावास की सभी छात्राएं, एनएसएस स्वयंसेवी और महाविद्यालय के विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। शिविर में तीन सत्र रखे गए हैं। दिन का सत्र डे.स्कॉलर के लिए विशेष रूप से रखा गया है। शिविर में योग प्रशिक्षकों द्वारा नेति, वमन, आसन, प्राणायाम, ध्यान सिखाया जा रहा है। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी प्रो. रमेश चंद तथा प्रो. पूजा ने वैशाली का विद्यार्थियों की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया।

आपका फैसला 26/02/2024

Principal
S.V. Govt. Degree College
Ghumarwin, Distt. Bilaspur (H.P.)

Assistant Librarian
(HEI) S.V.GC Ghumarwin
Distt. Bilaspur (H.P.)



classmate


DATE

## योग प्रशिक्षण शिविर में विद्यार्थी सीख रहे योग

घुमारवीं, 25 फरवरी (कुलवंत): स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय में चल रहे 7 दिवसीय एन.एस.एस. और योग प्रशिक्षण शिविर में रविवार को आयुर्वैदिक हैल्थ वैलनैस सैंटर भगेड़ में योग प्रशिक्षिका वैशाली ने महिलाओं और किशोरियों के लिए माहवारी के दौरान योगाभ्यास, सूक्ष्म व्यायाम व कठिन आसनों के लिए शुरूआती अभ्यास व प्राणायाम का अभ्यास करवाया। वैशाली ने शिविर में भाग ले रहे एन.एस.एस., छात्रावास व महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा पूछे जाने पर पीठ व कमर दर्द, नाभि विस्थापित तथा सर्वाइकल के लिए योगाभ्यास बताया। योग शिविर की संयोजक डा. रीता ने कहा कि आज योग शिविर का चौथा दिन रहा। इसमें छात्रावास की सभी छात्राएं, एन.एस.एस. स्वयंसेवी और महाविद्यालय के विद्यार्थी भाग ले रहे हैं।

पंजाब केसरी
26/02/2024

## 'घुमारवीं कालेज में खेल प्रतियोगिता, महिलाओं ने दिखाया दमखम



घुमारवीं। स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में वार्षिक खेलों के आयोजन के अन्तर्गत अंतर कक्षीय तथा अन्तर संकाय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य प्रोग्राम कृष्ण ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के मानसिक तथा बौद्धिक विकास के साथ शारीरिक विकास भी बहुत महत्वपूर्ण है। फाइनल मैच में महाविद्यालय की टीम ए ने टीम-बी से 21 के मुकाबले 42 स्कोर से मैच जीता। इस अवसर पर महाविद्यालय सहपाठ्य गतिविधियों के संयोजक डॉ. सुरेश शर्मा तथा खेल प्रभारी प्रो. रमेश शर्मा उपस्थित रहे।

दिव्य हिमाचल 26/02/2024

Principal
S.V. Govt. Degree College
Ghumarwin, Distt. Bilaspur (H.P.)

## स्वयंसेवियों को दी योग और मोटे अनाज की जानकारी

घुमारवीं (बिलासपुर)। राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में सात दिवसीय एनएसएस और योग प्रशिक्षण शिविर के पांचवें दिन की शुरुआत योगाभ्यास से हुई। सुबह के सत्र में डॉ. रीता कुमारी ने स्वयंसेवियों को षट्कर्म की जानकारी दी। इसके तहत उन्होंने जलनेति का अभ्यास और स्थूल ध्यान करवाया।

शिविर में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) बिलासपुर में योग प्रशिक्षक भूमेश ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों को योग के अनुसार दिनचर्या, अष्टांग योग, स्वास्थ्य के लिए योग की भूमिका पर जानकारी दी। साथ ही विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर भी दिए। इससे पहले उन्होंने दोपहर के योगाभ्यास सत्र में एनएसएस, छात्रावास और विद्यार्थियों को योग आसनों का अभ्यास कराया। डॉ. पारीख ने आयुर्वेद के अनुसार जीवनशैली कैसी हो, कृषि विभाग से बृजेश ने मोटे अनाज के महत्व पर स्वयंसेवियों को जानकारी दी।

एनएसएस प्रभारी प्रो. रमेश और प्रो. पूजा ने कहा कि 22 से 28 फरवरी तक शिविर लगाया गया है। शिविर में स्वयंसेवी महाविद्यालय परिसर की सफाई और क्यारियां बनाने जैसे कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। शिविर के दौरान स्वयंसेवियों के लिए विभिन्न क्षेत्रों के विषय विशेषज्ञों के व्याख्यान का आयोजन भी किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रो. कविता, प्रो. ललित शर्मा, प्रो. रमेश, प्रो. भारती, प्रो. पूजा और अन्य उपस्थित रहे। संवाद

अमर उजाला 27/02/2024

## बेहतर स्वास्थ्य के लिए योग की भूमिका बताई



घुमारवीं कालेज में एनएसएस शिविर में मौजूद स्वयंसेवी व अन्य • जागरण

दकड़ी चौक : स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में सात दिवसीय एनएसएस और योग प्रशिक्षण शिविर के पांचवें दिन अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान बिलासपुर में योग प्रशिक्षक भूमेश ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों को योग के अनुसार दिनचर्या, अष्टांग योग, स्वास्थ्य के लिए योग की भूमिका पर जानकारी दी। इससे पहले उन्होंने दोपहर के योगाभ्यास सत्र में योग आसन का अभ्यास करवाया। एनएसएस प्रभारी प्रो. रमेश और प्रो. पूजा ने कहा 22 से 28 फरवरी तक एनएसएस शिविर लगाया गया। डा. पारिख ने आयुर्वेद के अनुसार जीवनशैली कैसी हो, कृषि विभाग से बृजेश ने मोटे अनाज के महत्व पर जानकारी दी। प्रातः कालीन सत्र में डा. रीता कुमारी ने जल नेति का अभ्यास और स्थूल ध्यान करवाया। इस अवसर पर प्रो. कविता, प्रो. ललित शर्मा, प्रो. रमेश, प्रो. भारती, प्रो. पूजा, डा. रीता तथा एनएसएस स्वयंसेवी, योग केंद्र छात्रावास की छात्राएं तथा महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे। (संस)

दैनिक जागरण 27/02/2024

classmate


PAGE

DATE

## समाज सेवा, योग तथा कृषि संबंधी व्याख्यान

घुमारवीं, 26 फरवरी (कुलवंत/केशव): स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में सात दिवसीय एन.एस.एस. और योग प्रशिक्षण शिविर के पांचवें दिन अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान बिलासपुर में योग प्रशिक्षक भूमेश ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों को योग के अनुसार दिनचर्या, अष्टांग योग, स्वास्थ्य के लिए योग की भूमिका पर जानकारी दी और विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर दिए।

इससे पहले उन्होंने दोपहर के योगाभ्यास सत्र में एन.एस.एस., छात्रावास तथा महाविद्यालय के विद्यार्थियों को योगा आसनों का अभ्यास करवाया। एन.एस.एस. के प्रभारी प्रो. रमेश और प्रो. पूजा ने कहा कि 22 फरवरी से 28 फरवरी तक एन.एस.एस. शिविर लगाया गया है जिसमें विद्यार्थी महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई, क्यारियां बनवाना जैसे कई कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। आज उन्होंने परिसर में स्थित बावड़ी की सफाई की। शिविर के दौरान दिन में विद्यार्थियों के लिए विभिन्न क्षेत्रों के विषय विशेषज्ञों के व्याख्यान का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत डा. पारीख ने आयुर्वेद के अनुसार जीवनशैली कैसी हो, कृषि विभाग से बृजेश ने मोटे अनाज के महत्व पर जानकारी दी। सात दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत आज पांचवें दिन विद्यार्थियों को प्रातःकालीन सत्र में डा. रीता कुमारी ने शटकर्म की जानकारी दी तथा इनके अंतर्गत जल नेति का अभ्यास और स्थूल ध्यान करवाया। इस अवसर पर प्रो. कविता, प्रो. ललित शर्मा, प्रो. रमेश, प्रो. भारती, प्रो. पूजा तथा डा. रीता तथा एन.एस.एस. स्वयंसेवी, योग केंद्र छात्रावास की छात्राएं तथा महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।




घुमारवीं : योग प्रशिक्षक भूमेश विद्यार्थियों को योग प्रशिक्षण देते हुए। (केशव)

पंजाब केसरी 27/02/2024

## घुमारवीं कालेज में छात्रों को सिखाया योग

घुमारवीं। स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस और योग प्रशिक्षण शिविर में आज आयुर्वेदिक हैल्थ वेलनेस सैंटर भगेड़ में योग प्रशिक्षिका वैशाली ने महिलाओं और किशोरियों के लिए माहवारी के दौरान योगाभ्यास, सूक्ष्म व्यायाम व कठिन आसनों के लिए शुरुआती अभ्यास व प्राणायाम का अभ्यास करवाया। वैशाली ने शिविर में भाग ले रहे एनएसएस छात्रावास व महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा पूछे जाने पर पीठ व कमर दर्द, नाभि विस्थापित तथा सर्वाइकल के लिए योगाभ्यास बताया। योग शिविर की संयोजक डा.रीता ने कहा कि योग शिविर के दौरान छात्रावास की सभी छात्राएं, एनएसएस स्वयंसेवी और महाविद्यालय के विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी प्रो. रमेश चंद तथा प्रो. पूजा ने वैशाली का विद्यार्थियों की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया।

दिव्य हिमाचल 27/02/2024

## विद्यार्थियों को दिए पौधारोपण के टिप्स

घुमारवीं, 27 फरवरी (कुलवंत) : स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में मंगलवार को सात दिवसीय एन.एस.एस. शिविर के छठे दिन विद्यार्थियों ने महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण के लिए गड्ढे तैयार किए।

शैक्षणिक सत्र में बागवानी विभाग से सुरेंद्र ठाकुर ने स्वयंसेवियों को बागवानी के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को बताया कि फलदार पौधों की बागवानी से अधिक लाभ कमाया जा सकता है। उन्होंने फलों-फूलों को कीड़ों से बचाव तथा मौसम के अनुरूप लगाने बारे जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को हिमाचल सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न हॉर्टिकल्चर प्रोजैक्टों के बारे में बताया। महाविद्यालय में चल रहे योग शिविर में प्रातः कालीन सत्र में प्रो. रमेश ने योगासन करवाए और बताया कि योग से विद्यार्थी कैसे स्वयं को मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रख सकते हैं। दैनिक सत्र में डा. रीता ने आयुष मंत्रालय द्वारा जारी सामान्य योगाभ्यास क्रम निर्देशिका अनुसार दैनिक विद्यार्थियों का योगाभ्यास करवाया।

## विद्यार्थियों को दिए पौधारोपण के टिप्स

घुमारवीं। स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में मंगलवार को सात दिवसीय एनएसएस के छठे दिन विद्यार्थियों ने महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण के लिए गड्ढे तैयार किए। वहीं शैक्षणिक सत्र में बागवानी विभाग से सुरेंद्र ठाकुर ने स्वयंसेवियों को बागवानी के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को बताया कि फलदार पौधों की खेती कैसे की जाती है। उन्होंने फलों-फूलों को कीड़ों से बचाव तथा किस तरह के पौधे फल-फूल किस मौसम के अनुरूप लगाने बारे जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को हिमाचल सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न हॉर्टिकल्चर प्रोजेक्टों के बारे में बताया। एनएसएस प्रभारी प्रो. पूजा ने स्वयंसेवियों की ओर से बागवानी अधिकारी सुरेंद्र ठाकुर का धन्यवाद किया।

दिव्य हिमाचल 28/02/2024

Principal
S.V. Govt. Degree College
Ghumarwin, Distt. Bilaspur

पंजाब केसरी 28/02/2024



classmate

## घुमारवीं कालेज में एनएसएस शिविर का समापन




घुमारवीं कालेज में शिविर के समापन पर उपस्थित मुख्यातिथि व विद्यार्थी • जागरण

दकड़ी चौक : स्वामी विवेकानंद राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय घुमारवीं में सात दिवसीय एनएसएस और योग प्रशिक्षण शिविर वीरवार को संपन्न हुआ। समापन समारोह में कालेज प्राचार्य प्रो. रामकृष्ण ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की, जबकि डा. सुरेश शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मुख्यअतिथि प्रो .रामकृष्ण ने शिविर के सफल आयोजन के लिए एनएसएस के अधिकारियों और विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कि सेवा ही सर्वोत्तम है। उन्होंने विद्यार्थियों को समाज के गरीब, असहाय और जरूरत मंद लोगों की सेवा करनी चाहिए। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डा .सुरेश शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि अहंकार, दम्भ तथा घमंड को समाप्त करने से ही जीवन में शुद्धता और पवित्रता हो सकती है। उन्होंने 'अच्छी बात सुनो, अच्छी बात कहो' ग़ज़ल गाकर विद्यार्थियों को निःस्वार्थ भाव से सेवा करने के लिए प्रेरित किया। एनएसएस प्रो .रमेश चंद ने सात दिन के शिविर में किए गए कार्यों तथा डा .रीता ने सात दिवसीय योग प्रशिक्षण पर संक्षिप्त में रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर एनएसएस अधिकारी प्रो. रमेश शर्मा व प्रो पूजा देवी और प्रो. कविता देवी प्रो. राकेश कुमार डा. प्रवीण कुमार सभी सहपाठ्य समितियों के संयोजक डा. सुरेश शर्मा एनएसएस के स्वयंसेवी, छात्रावास की छात्राएं व योग शिविर के दैनिक प्रतिभागी उपस्थित रहे। (संस)

दैनिक जागरण
01/03/2024

## सात दिवसीय एनएसएस और योग प्रशिक्षण शिविर का समापन


**बिलासपुर, (आपका फैसला)।** स्वामी विवेकानंद राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय घुमारवीं में वार्षिक सात दिवसीय एनएसएस और योग प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। जिसमें प्राचार्य प्रो. रामकृष्ण ने मुख्य अतिथि तथा डॉ. सुरेश शर्मा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। मुख्य अतिथि प्रो. रामकृष्ण ने शिविर के सफल आयोजन के लिए एनएसएस के अधिकारियों और विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कि सेवा ही सर्वोत्तम है। उन्होंने विद्यार्थियों को समाज के गरीबए असहाय और जरूरतमंद लोगों की सेवा करनी चाहिए। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डॉ. सुरेश शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि अहंकार, दम्भ तथा घमंड को समाप्त करने से ही जीवन में शुद्धता और पवित्रता हो सकती है। उन्होंने अच्छी बात सुनो, अच्छी बात कहो, गजल गाकर विद्यार्थियों को निस्वार्थ भाव से सेवा करने के लिए प्रेरित किया। एनएसएस प्रो. रमेश चंद ने सात दिन के शिविर में किए गए कार्यों तथा डॉ. रीता ने सात दिवसीय योग प्रशिक्षण पर संक्षिप्त में रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि ने एनएसएस स्वयंसेवियों को मेडल, प्रशस्ति पत्र तथा योग शिविर के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपने अनुभव भी सांझा किए।

आपका फैसला
01/03/2024

Principal
S.V. Govt. Degree College
Ghumarwin, Distt. Bilaspur (H.P.)

classmate PAGE

# अभ्यास व प्रयास से ही सफलता संभवः भारद्वाज



डॉ. अरुण भारद्वाज को सम्मानित करते स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय के शिक्षक।

**घुमारवीं।** स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में हायर एजुकेशन इंस्टीच्यूट सोसायटी एचईआईएस द्वारा बीबीए तथा बीसीए के व्यावसायिक कोर्सेस के स्टूडेंट्स के लिए विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें हिमाचल प्रदेश के निवासी तथा प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय वक्ता एवं प्रेरक डॉ. अरुण भारद्वाज ने शिरकत की। डॉ. भारद्वाज ने चैंपियन बनने के विषय पर विचार व्यक्त करते हुए स्टूडेंट्स को सफलता के पांच सूत्र दिए। उन्होंने कहा कि जीवन में सकारात्मकता के साथ आज ही लक्ष्य निर्धारित कर दृढ़ विश्वास अभ्यास और प्रयास से अपना लक्ष्य प्राप्त करें। इस अवसर पर सोसायटी के सचिव प्रो. सुरेश शर्मा ने कहा कि शिक्षण संस्थानों में ऐसे महान व्यक्तित्व का उपस्थित होना विद्यार्थियों तथा प्राध्यापकों को गौरवान्वित करता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के व्याख्यानों से जीवन बदल जाता है। इस कार्यक्रम में लगभग 150 स्टूडेंट्स के साथ अन्य प्रोफेसर मौजूद रहे।



कार्यक्रम के बाद सामुहिक चित्र में स्टूडेंट्स व अन्य।

# छोटे स्टार्टअप को बड़ा रूप दिया जा सकता है : प्रो.गुलशन

सवेरा न्यूज/प्रदीप कुमार

घुमारवीं, 9 सितंबर : स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में बीबीए के विद्यार्थियों के लिए 'उभरती अर्थव्यवस्थाओं में उद्यमियों की चुनौतियां एवं अवसर' विषय पर एक अतिथि व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य प्रो.रामकृष्ण ने की। इस कार्यक्रम प्रो. गुलशन संधु रिसोर्स पर्सन के रूप में उपस्थित रहे।

प्रो. गुलशन उद्यमशीलता, विपणन प्रबंधन, कौशल विकास के राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध मुख्य वक्ता हैं। उन्होंने छात्रों को उद्यमिता के बारे में संबोधित करते हुए कहा कि उद्यमी उचित प्रबंधन और टीम वर्क के माध्यम से अपने उद्देश्य को प्राप्त कर सकते हैं तथा स्टार्ट अप को छोटे स्तर से शुरू करके एक विशाल स्तर पर विस्तारित किया जा सकता है। उन्होंने छात्रों को उद्यमिता में स्वॉट (एसडबलूओटी) विश्लेषण बारे में भी जानकारी दी।

मुख्य वक्ता का धन्यवाद करते हुए हायर एजुकेशन इंस्टिट्यूट सोसायटी के सचिव प्रो. सुरेश शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के व्यक्तित्व को इस सभागार में पाकर कॉलेज प्रशासन गौरवान्वित महसूस कर रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को कहा कि इस तरह के व्याख्यान व्यवहारिक रूप से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए बहुत हैं तथा यह विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम को आयोजित किए जाएंगे। इस कार्यक्रम में लगभग 80 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें बीबीए समन्वयक प्रो. अनिल जम्वाल, डॉ. रवि कुमार, प्रो.भारती मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों को दी चुनौतियों और अवसरों की जानकारी


### घुमारवीं कॉलेज में बीबीए के छात्रों के लिए अतिथि व्याख्यान का आयोजन

संवाद न्यूज एजेंसी

घुमारवीं (बिलासपुर)। स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में बीबीए के विद्यार्थियों के लिए उभरती अर्थव्यवस्थाओं में उद्यमियों की चुनौतियों और अवसर विषय पर एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. राम कृष्ण ने की।

समारोह में प्रो. गुलशन संधु ने रिसोर्स पर्सन के रूप में शिरकत की। प्रो. गुलशन उद्यमशीलता, विपणन प्रबंधन, कौशल विकास के राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध मुख्य वक्ता हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि उद्यमी उचित प्रबंधन और टीम वर्क के माध्यम से अपने उद्देश्य को प्राप्त कर सकते हैं। स्टार्ट अप को छोटे स्तर से शुरू करके एक विशाल स्तर पर विस्तारित किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को उद्यमिता में स्वॉट (एसडब्ल्यूओटी) विश्लेषण के बारे में भी जानकारी दी। उच्च शिक्षा संस्थान सोसायटी के सचिव प्रो. सुरेश शर्मा ने मुख्य वक्ता का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के व्यक्तित्व को इस सभागार में पाकर कॉलेज प्रशासन गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

उन्होंने कहा कि इस तरह के व्याख्यान व्यावहारिक रूप से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए बहुत आवश्यक है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम कॉलेज में आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर बीबीए समन्वयक प्रो. अनिल जम्वाल, डॉ. रवि कुमार, प्रो. भारती और अन्य उपस्थित रहे।





# स्टूडेंट्स टीम वर्क से ही अपने उद्देश्य को पूरा कर सकते हैं : प्रो. गुलशन

फोकस हिमाचल, घुमारवीं

स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में बीबीए के स्टूडेंट्स के लिए उभरती अर्थव्यवस्थाओं में उद्यमियों की चुनौतियां एवं अवसर विषय पर एक अतिथि व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. रामकृष्ण ने की।

इस कार्यक्रम प्रो. गुलशन संधु रिसोर्स पर्सन के रूप में उपस्थित रहे। प्रो. गुलशन उद्यमशीलता, विपणन प्रबंधन, कौशल विकास के राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध मुख्य वक्ता हैं। उन्होंने स्टूडेंट्स को उद्यमिता के बारे में संबोधित करते हुए कहा कि उद्यमी उचित प्रबंधन और टीम वर्क के माध्यम से अपने उद्देश्य को प्राप्त कर सकते हैं तथा स्टार्ट अप को छोटे स्तर से शुरू करके एक विशाल स्तर पर विस्तारित किया जा सकता है।


स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय घुमारवीं में व्याख्यान कार्यक्रम में भाग लेते स्टूडेंटस।

उन्होंने स्टूडेंट्स को उद्यमिता में स्वॉट (एसडबलूओटी) विश्लेषण बारे में भी जानकारी दी। मुख्य वक्ता का धन्यवाद करते हुए हायर एजुकेशन इंस्टिच्यूट सोसायटी के सचिव प्रो. सुरेश शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के व्यक्तित्व को इस सभागार में पाकर कॉलेज प्रशासन गौरवान्वित महसूस कर रहा है। उन्होंने स्टूडेंट्स को कहा कि इस तरह के व्याख्यान व्यवहारिक रूप से स्टूडेंट्स के सर्वांगीण विकास के लिए बहुत हैं तथा यह विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम को आयोजित किए जाएंगे। इस कार्यक्रम में लगभग ४० से अधिक स्टूडेंट्स ने भाग लिया।


# उपभोक्ता अधिकारों पर जागरूकता रैली



लोगों को जागरूक करते हुए विद्यार्थी

सवेरा न्यूज/प्रदीप कुमार घुमारवीं,: स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में बीबीए विभाग द्वारा उपभोक्ता अधिकारों पर जागरूकता के संबंध में रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में छात्रों ने उपभोक्ता अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में उपभोक्ताओं को जागरूक किया। इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के बारे में शिक्षति करना था उपभोक्ताओं को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के बारे में जागरूक किया जाए छात्रों ने उन्हें जिम्मेदार उपभोक्ता व्यवहार के लिए प्रोत्साहित किया। रैली में जाली उत्पादों की पहचान, शिकायत दर्ज करने और सूचित खरीददारी के बारे में बात की गई। छात्रों ने बैनर, चार्ट, स्लोगन बोर्ड सामग्री का उपयोग किया। इस रैली में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. रामकृष्ण, प्रो. प्रीतम लाल, एचईआईएस विभाग के सचिव डॉ. सुरेश शर्मा, विभाग के समन्वयक प्रो. अनिल जमवाल, डॉ. रविकुमार, प्रो. भारती मुख्य रूप से उपस्थित रहे। रैली का आयोजन महाविद्यालय से लेकर नसवाल स्थल तक किया गया था।

# रैली निकालकर बताए उपभोक्ता के अधिकार




रैली निकालते घुमारवीं कालेज के बीबीए विभाग के छात्र • जागरण

घुमारवीं : स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में बीबीए विभाग की ओर से उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए नसवाल तक रैली निकाली गई। विद्यार्थियों ने रैली के माध्यम से लोगों को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, उपभोक्ता अधिकार, जिम्मेदारियों व कानूनी ढांचों के विभिन्न पहलुओं के बारे में जागरूक किया। इसके अलावा नकली उत्पादों की पहचान, शिकायत दर्ज करने व खरीदारी के बारे में भी बताया। रैली में प्राचार्य प्रो. रामकृष्ण, प्रो. प्रीतम लाल, एचईआइएस विभाग के सचिव डा. सुरेश शर्मा, विभाग के समन्वयक प्रो. अनिल जम्वाल, डा. रविकुमार व प्रो. भारती भी उपस्थित रहे। (सस)

**Guest Lecture Delivered by Mr. Parnish Pathania(Professor at IHM Hamirpur)for Students of Hospitality and Tourism Level 4,Level 6 and Level 7.Topic covered Etiquettes and Manners for Hotel Staff and Front Office Staff Department.**

19 Aug. 2023 Total Students — 86




**The Students of Hospitality and Tourism of SVGC Ghumarwin Bilaspur got skill Components certificates Level 4 and Level 5 By NSDC.**
**"If you can't fly then run, if you can't run then walk, if you can't walk then crawl, but whatever you do you have to keep moving forward."**
**All the luck in the world, all wished for you."**

29 Aug. 2023 20 Students




Nodal Officer
SVGC Ghumarwin

Principal
S V G C Ghumarwin

# Some Glimpses of Programme





घुमारवीं: घुमारवीं कालेज में बी.सी.ए. के विद्यार्थियों के लिए आयोजित सेमिनार के उपरांत प्रतिभागी कालेज प्राचार्य प्रो. राम कृष्ण के साथ सामूहिक चित्र में। (कृसंके)

# जीवन में आदर्शों को अपनाएं विद्यार्थी


घुमारवीं, 26 अगस्त (कृसंके): स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं के बी.सी.ए. और पी.जी.डी.सी.ए. विभाग की ओर से बी.सी.ए. के विद्यार्थियों के लिए सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. राम कृष्ण ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस कार्यक्रम का शीर्षक आई.टी. पेशेवर बनने के लिए शुरुआती कदम था। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन से हुआ। कार्यक्रम के रिसोर्सपर्सन के रूप में सुलेमान खान उपस्थित रहे। सुलेमान खान ऑनलाइन कार्यालय [illegible] के संस्थापक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को यूजर इंटरफेस, फ्रंट एंड, वेब टैक्नोलॉजी, जावा प्रोग्रामिंग व फ्रीलांसिंग में काम करने के लिए प्रक्रिया व्यावहारिक रूप से सिखाई। हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट सोसायटी के सचिव प्रो. सुरेश शर्मा ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम से विद्यार्थियों के पेशेवर कौशल का विकास किया जा सकता है।

प्रो. सुरेश शर्मा ने विद्यार्थियों को अनुशासन में रहने और जीवन में नैतिक मूल्यों का पालन करने और आदर्शों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें टैक्नोलॉजी का सदुपयोग करने के लिए प्रेरित किया।

इस कार्यक्रम में लगभग 95 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान बी.सी.ए. विभाग के समन्वयक डा. सूर्यकांत विशेष तौर पर उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के मुख्य आयोजक विभागाध्यक्ष प्रो. अमर पाल सिंह और प्रो. प्रियंका उपस्थित रहे।

# बीसीए के विद्यार्थियों ने जानी जावा प्रोग्रामिंग

**संवाद न्यूज एजेंसी**



सेमिनार में उपस्थित विद्यार्थी, मुख्य अतिथि और अध्यापक। संवाद

**घुमारवीं (बिलासपुर)।** स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं के बीसीए और पीजीडीसीए विभाग की ओर से बीसीए के विद्यार्थियों के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का शीर्षक आईटी पेशेवर बनने के लिए शुरुआती कदम था।

समारोह में सुलेमान खान रिसोर्स पर्सन के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को यूजर इंटरफेस, फ्रंट एंड, वेब टेक्नोलॉजी, जावा प्रोग्रामिंग और फ्रीलांसिंग में काम करने की प्रक्रिया प्रैक्टिकल रूप में सिखाई। हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट सोसायटी के सचिव प्रो. सुरेश शर्मा ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम से छात्रों के पेशेवर कौशल का विकास किया जा सकता है। उन्होंने छात्रों को अनुशासन में रहने और जीवन में नैतिक मूल्यों का पालन करने और आदर्शों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। समारोह में प्राचार्य प्रो. राम कृष्ण ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें टेक्नोलॉजी का सदुपयोग करने और सुसंगत में रहने के लिए प्रेरित किया।

समारोह में बीसीए विभाग के समन्वयक डॉ. सूर्यकांत विशेष तौर पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. अमरपाल सिंह, प्रो. प्रियंका और 95 से अधिक विद्यार्थी उपस्थित रहे।

DATE

## घुमारवीं कॉलेज में पीजी कोर्स के लिए 15 तक करें आवेदन

**घुमारवीं (बिलासपुर)।** स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में सत्र 2023-2024 की स्नातकोत्तर कक्षाओं के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। विद्यार्थी 15 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश प्रक्रिया के लिए केवल वे विद्यार्थी पात्र होंगे जिन्होंने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित प्रवेश परीक्षा 2023 में भाग लिया होगा। एमएससी भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जंतु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, गणित, एमकॉम, एमए राजनीति विज्ञान और अंग्रेजी कोर्स में दाखिला ले सकते हैं। संवाद

अमर उजाला 04/8/23

## विद्यार्थियों को एंटी रैगिंग के प्रति किया जागरूक



विद्यार्थियों को एंटी रैगिंग के प्रति जागरूक करते शिक्षक। संवाद

**बिलासपुर।** स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में विद्यार्थियों को एंटी रैगिंग के प्रति जागरूक किया गया। इस विषय पर विद्यार्थियों को डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई। प्रोफेसर राजीव चौहान और प्रोफेसर राकेश कुमार ने विद्यार्थियों को एंटी रैगिंग के प्रति जानकारी दी। प्रोफेसर पूजा शर्मा ने विद्यार्थियों को सेक्सुअल हैरेसमेंट के बारे में अवगत करवाया। इस सेमिनार में हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म, रिटेल मैनेजमेंट, बीवॉक विभाग के प्रथम, दूसरे और तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रोफेसर राजीव चौहान, प्रोफेसर राकेश कुमार, प्रोफेसर पूजा शर्मा, प्रोफेसर उजाला धीमान, प्रोफेसर ईशानी सोनी, प्रोफेसर नेहा शर्मा और अन्य उपस्थित रहे। संवाद

अमर उजाला 08/Aug./2023

## भारत छोड़ो आंदोलन की याद में किया कार्यक्रम का आयोजन



घुमारवीं महाविद्यालय में भारत छोड़ो आंदोलन की याद मे आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी। संवाद

**घुमारवीं (बिलासपुर)।** जिला एनएसयूआई इकाई ने घुमारवीं कॉलेज में भारत छोड़ो आंदोलन की याद में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष अभिषेक भारद्वाज ने बताया कि हमें अपने स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा किए गए स्वतंत्रता आंदोलन के प्रयासों का प्रचार-प्रसार करने की आवश्यकता है। उन्हीं की बदौलत हम पढ़ाई कर पा रहे हैं। आजादी की नींव हमें इन आंदोलनों से ही मिली है। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार का रवैया आज केंद्र सरकार ने अपना रखा है उससे देश का लोकतंत्र और आजादी खतरे में है। देश के युवाओं को जागरूक होने की आवश्यकता है, ताकि इस गूंगी और बहरी सरकार को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाया जाए। इस अवसर पर एनएसयूआई के राष्ट्रीय सोशल मीडिया सहसंयोजक नितिन चड्डा, महाविद्यालय के अध्यक्ष रोहित, उपाध्यक्ष शिवांश, भारती,अक्षय, रितेश, रिया और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संवाद

अमर उजाला 07/8/23

Principal
S.V. Govt. Degree College
Ghumarwin, Distt. Bilaspur (H.P.)

classmate

PAGE

DATE

## घुमारवीं कालेज में मनाया वन महोत्सव



घुमारवीं। स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवी के कैंपस ब्यूटिफिकेशन कमेटी द्वारा महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। इस कमेटी के संयोजक डा. महेंद्र सिंह भाटिया ने कहा कि वन विभाग द्वारा हिमाचल को पर्यावरण संरक्षण के लिए अनेकों प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कॉलेज कैंपस ब्यूटिफिकेशन कमेटी की ओर से आंवला, हरड़, अनार के पौधों का रोपण किया गया है। जिसका शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य प्रो. रामकृष्ण ने किया।

दिव्य हिमाचल 13/Aug./2023

## काऊंसलिंग आज और कल

घुमारवीं, 17 अगस्त (कुलवंत): स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में सत्र 2023-2024 की स्नातकोत्तर कक्षाओं के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. रामकृष्ण ने कहा कि 18 तथा 19 अगस्त को शाम 3 बजे तक काऊंसलिंग प्रक्रिया सम्पन्न होगी।

चयनित विद्यार्थियों की सूची 19 अगस्त को शाम 5 महाविद्यालय वैबसाइट तथा सूचना पट्ट पर उपलब्ध होगी। अंतिम रूप से चुने हुए विद्यार्थियों को 21 एवं 22 अगस्त को शाम 5 बजे तक वैबसाइट पर अपनी फीस जमा करवानी होगी।

पंजाब केसरी 18/8/23

## घुमारवीं कालेज में रैगिंग पर सेमिनार, बताए दुष्प्रभाव

घुमारवीं। स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं मे रैगिंग निषेध सप्ताह के अंतर्गत महाविद्यालय में विद्यार्थियों को रैगिंग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सेमिनार व कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में रैगिंग निषेध सेमिनार तथा कार्यशाला के संयोजक डॉ. महेंद्र सिंह भाटिया ने अपने मुख्य वक्तव्य में रैगिंग से संबंधित विभिन्न पहलुओं जैसे रैगिंग की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, रैगिंग का बदलता स्वरूप, रैगिंग के दुष्परिणाम, कानूनी प्रावधान, हेल्पलाइन नंबर, रैगिंग से कैसे बचा जाए पर विस्तार से विद्यार्थियों को जानकारी दी। सेमिनार में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कॉलेज प्राचार्य प्रो. रामकृष्ण ने कहा कि विद्यार्थियों को रैगिंग क्या है और क्या नहीं है इसमें अंतर करना आना चाहिए ताकि वे रैगिंग के शिकार न हो। कार्यशाला में कनिका, वैष्णवी, भावना, पलक, दीक्षा शर्मा ने अपने विचार व्यक्त किए वह अन्य विद्यार्थीयों ने परिचर्चा में भाग लिया। सेमिनार के अंत में विद्यार्थियों को रैगिंग निषेध शपथ भी दिलवाई गई। इस कार्यक्रम में रैकिंग निषेध सेमिनार आयोजन समिति के सदस्य प्रो. विवेक कुमार, डॉ. रीता कुमारी डॉ. हंसा देवी, डॉ. राकेश शर्मा विशेष रुप से उपस्थित रहे।

दिव्य हिमाचल 20/8/23

## काऊंसलिंग अब 24 को

घुमारवीं, 22 अगस्त (कुलवंत): स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में सत्र 2023-24 की स्नातकोत्तर कक्षाओं के प्रवेश के लिए चल रही काऊंसलिंग प्रक्रिया जिला प्रशासन की भारी बारिश की चेतावनी के बाद घोषित छुट्टी के कारण 23 अगस्त को होने वाली काऊंसलिंग अब 24 अगस्त को होगी। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. राम कृष्ण ने कहा कि स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश के लिए आवेदनकर्त्ता अब 24 अगस्त को सुबह 10 बजे से महाविद्यालय समितियों के समक्ष उपस्थित हों।

पंजाब केसरी 23/8/23

अमर उजाला 23/8/23

## स्नातकोत्तर कक्षाओं की काउंसलिंग अब 24 को

घुमारवीं। स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में सत्र 2023-24 की स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश के लिए चल रही काउंसलिंग प्रक्रिया वीरवार को आयोजित की जाएगी। जिला प्रशासन की भारी बारिश की चेतावनी के बाद घोषित छुट्टी के कारण 23 अगस्त को होने वाली काउंसलिंग अब 24 अगस्त को होगी। यह जानकारी महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. राम कृष्ण ने दी। संवाद

## घुमारवीं कालेज में विभिन्न पदों के लिए साक्षात्कार 28 को



घुमारवीं। स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में एचईआईएस यानी हायर एजुकेशन इंस्टिट्यूट सोसायटी द्वारा विभिन्न पदों की भर्ती के लिए 24 अगस्त को पूर्व निश्चित साक्षात्कार स्थगित कर दिए गए हैं। महाविद्यालय प्राधिकृत सोसायटी के निदेशक प्रो. राम कृष्ण ने यह जानकारी दी [illegible] साक्षात्कार सोमवार 28 अगस्त को पूर्व निर्धारित समयानुसार आयोजित होंगे। यह निर्णय मौसम विभाग द्वारा भारी वर्षा की चेतावनी तथा जिला प्रशासन द्वारा घोषित छुट्टी के कारण लिया गया है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में सत्र 2023-24 के लिए स्नातकोत्तर कक्षाओं की काउंसलिंग 24 से लेकर 26 अगस्त तक होगी।

Principal
S.V. Govt. Degree College
Ghumarwin, Distt. Bilaspur (H.P.)

classmate

दिव्य हिमाचल 24/8/23

PAGE

# कॉलेज में विद्यार्थियों को दी पाठ्यक्रम की जानकारी



बिलासपुर। स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं के बीबीए और बीसीए विभाग की ओर से प्रथम सत्र के विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 80 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम और विषय विशेष के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रोफेसर राम कृष्ण ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर बीबीए और बीसीए विभाग के समन्वयक प्रोफेसर अनिल जमवाल, डॉ. सूर्यकांत विशेष तौर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलित कर किया गया। एचईआईएस के सेक्रेटरी प्रोफेसर सुरेश शर्मा ने विद्यार्थियों को अनुशासन में रहने, नैतिक मूल्यों का पालन करने और आदर्शों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अमरपाल सिंह ने कोर्स की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से विद्यार्थियों को जानकारी दी। मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रोफेसर राम कृष्ण ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए नशे से दूर रहने का आग्रह किया। संवाद

# बीसीए व बीबीए के नए सत्र का शुभारंभ

संवाद सहयोगी, घुमारवीं : स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में बीबीए तथा बीसीए के 2023-2024 सत्र का विधिवत शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के शुभारंभ पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. रामकृष्ण ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया। इस अवसर पर नव आगंतुकों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रो. रामकृष्ण ने कहा कि महाविद्यालय विद्यार्थियों के कल्याण के लिए समर्पित है तथा उनके शिक्षण-प्रशिक्षण में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होगी। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने तथा मोबाइल फोन का सार्थक प्रयोग करने पर बल दिया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रो. सुरेश शर्मा ने कहा कि एक अच्छा नागरिक बनने के लिए अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों का पालन करना आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को अधिक से अधिक सीखने तथा प्राध्यापकों के संपर्क में रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. अमरपाल सिंह ने कोर्स कार्यप्रणाली, समय सारिणी, यूनिफार्म तथा विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर बीबीए तथा बीसीए के समन्वयक प्रो. अनिल जम्वाल, डा. सूर्यकांत, प्रो. रोहित, प्रो. प्रियंका, डा. रवि कुमार तथा सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

26

# संस्कृत भाषा ही नहीं जीवन पद्धति भी : शर्मा



घुमारवीं : घुमारवीं कालेज में श्रावणी पूर्णिमा संस्कृत सप्ताह के तहत आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी

## घुमारवीं महाविद्यालय में संस्कृत सप्ताह का समापन

घुमारवीं 4 सितम्बर ([illegible])। स्वामी विवेकानन्द राजकीय महाविद्यालय में श्रावणी पूर्णिमा संस्कृत सप्ताह का समापन हो गया। संस्कृत विभाग द्वारा आयोजित विशेष कार्यक्रम में पूर्व प्राचार्य तथा शिक्षाविद डा. लच्छुराम शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि संस्कृत मात्र भाषा नहीं बल्कि हमारी जीवन पद्धति है। [illegible] समय में संस्कृत को अपने दैनिक जीवन में उपयोग करने पर बल दिया।

इससे पूर्व महाविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों के संयोजक प्रो. सुरेश शर्मा ने [illegible] विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारतीय परिप्रेक्ष्य में संस्कृत एक वैज्ञानिक, [illegible] द्वारा स्वीकृत, ज्ञान विज्ञान तथा भारतीय संस्कारों की भाषा है।

उन्होंने कहा कि हमारे सभी मुख्य ग्रंथ, वेद पुराण, उपनिषद तथा ज्ञान विज्ञान के सभी ग्रन्थ संस्कृत भाषा में प्राप्त हैं। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के [illegible] प्रो. प्रीतम लाल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने संस्कृत गीतिका, संस्कृत श्लोक उच्चारण व संस्कृत में भाषण आदि प्रस्तुत किए गए। इस कार्यक्रम का संयोजन संस्कृत विभाग की ओर से डा. अंजना कुमारी तथा डा. [illegible] कुमार द्वारा किया गया।

दिनाङ्क - 04 सितम्बर . 2023.

27

## एक दिवसीय कार्यशाला

भारतीय भाषा समीति (शिक्षामंत्रालय भारत सरकार) के तत्वाधान से एक दिवसीय विशिष्ट व्याख्यान जगद् गुरु शंकराचार्य व्याख्यानमाला कार्यशाला का आयोजन दिनाङ्क - 18 मार्च 2024 को संस्कृत विभाग द्वारा स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में किया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. ओमप्रकाश शर्मा (अध्यक्ष परमार पीठ हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय) रहे।

द्वितीय मुख्य वक्ता डॉ मट्टू लाल पाटीदार सह-आचार्य संस्कृत केन्द्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला (हि० प्र०) रहे।

कार्यक्रम के विशिष्टातिथि महाविद्यालय प्राचार्य प्रो० रामकृष्ण जी रहे।

इस कार्यशाला में प्रो० प्रीतम लाल, डॉ सुरेश शर्मा, प्रो० नितम, प्रो० बचन सिंह, प्रो० नीलम शर्मा, प्रो० महेन्द्र आर्या आदि 40 से अधिक प्राध्यापक रहे।

इस कार्यशाला में 150 से अधिक महाविद्यालय के छात्रों ने भाग लिया।

कार्यक्रम संयोजिका
डॉ अंजना कुमारी
संस्कृत विभाग

मुख्य वक्ता
1. डॉ ओमप्रकाश शर्मा
2. डॉ मट्टू लाल पाटीदार

विशिष्टातिथि
प्राचार्य
प्रो० रामकृष्ण

# अमर उजाला

## न्यूज़ डायरी



महाविद्यालय घुमारवीं में सेमिनार में उपस्थित विद्यार्थी और अन्य। संवाद

### बीबीए विद्यार्थियों को कॅरिअर की दी जानकारी

घुमारवीं (बिलासपुर)। स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में बीबीए के विद्यार्थियों के लिए कॅरिअर आसपैक्ट विद इन द फील्ड ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विषय पर सेमिनार लगाया गया। रिसोर्स पर्सन के रूप में प्रो. प्रीतम लाल उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों को कॅरिअर के विकल्पों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एक सफल कॅरिअर के लिए दृष्टिकोण सकारात्मक होना चाहिए। प्राचार्य प्रो. रामकृष्ण ने कहा कि व्यवसाय प्रशासन एक गतिशील क्षेत्र है जो अनगिनत कॅरिअर अवसरों की ओर ले जा सकता है। एचईआईएस के सचिव डॉ. सुरेश शर्मा ने कहा कि व्यवसाय प्रशासन एक ऐसा क्षेत्र है जो रोजगार के सबसे बड़े अवसरों को प्रदान कर सकता है। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. राम कृष्ण, एचईआईएस के सचिव डॉ. सुरेश शर्मा, बीबीए के समन्वयक प्रो. अनिल जमवाल, डॉ. रवि कुमार, प्रो. भारती उपस्थित रहे। संवाद

## घुमारवीं महाविद्यालय में विद्यार्थियों ने जाना व्यवसाय प्रशासन

घुमारवीं, 8 नवम्बर (केशव): स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में बी.बी.ए. के विद्यार्थियों के लिए करियर, आसपैक्ट विद इन द फील्ड आप विजनेस एडमिनिस्ट्रेश विषय पर एक सैमीनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन के रूप में प्रो. प्रीतम लाल उपस्थित रहे।

उन्होंने छात्रों को व्यवसाय प्रशासन के क्षेत्र में उनके करियर के विकल्पों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि व्यक्ति को आचरणशील और रचनात्मक होना चाहिए और रचनात्मक बनने के लिए व्यक्ति को एकाग्रचित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक सफल करियर के लिए व्यक्ति का दृष्टिकोण सकारात्मक होना चाहिए जिसके लिए स्वस्थ दिमाग की भी आवश्यकता होती है और स्वस्थ दिमाग के लिए अध्यात्मिक पुस्तकों का अध्ययन करना चाहिए।

प्राचार्य प्रो. रामकृष्ण ने कहा कि व्यवसाय प्रशासन एक गतिशील क्षेत्र है जो अनगिनत करियर अवसरों की ओर ले जा सकता है। एच.ई.आई.एस. के सचिव डा. सुरेश ने कहा कि व्यवसाय प्रशासन एक ऐसा क्षेत्र है जो रोजगार के सबसे बड़े अवसरों को प्रदान कर सकता है। इस कार्यक्रम में लगभग 50 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया।


कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. राम कृष्ण, एच.ई.आई.एस. के सचिव डा. सुरेश शर्मा, बी.बी.ए. के समन्वयक प्रो. अनिल जमवाल, डा. रवि कुमार, प्रो. भारती व मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

(24)

Industry Visit Level-6 & 7 Students

## Press News. 24.Sept 2023 Number of Students = 53

### विद्यार्थियों ने मां श्री नयना देवी के दर्शन किए



स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं के विद्यार्थी श्री नयना देवी में माता के दर्शन करने के बाद। • सौजन्य पाठक

घुमारवीं : स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में शनिवार को बी वाक हास्पिटेलिटी एंड टूरिज्म के विद्यार्थियों ने मयूर होटल नयना देवी का औद्योगिक भ्रमण किया। इस भ्रमण में बीवाक द्वितीय वर्ष व तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने होटल प्रबंधन के [illegible] कौशल सीखे। साथ ही छात्र-छात्राओं [illegible] मां नयना देवी के दर्शन किए व माता नयना देवी के इतिहास के बारे में भी जानकारी अर्जित की। इस कार्यक्रम आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर राम कृष्ण, बीवाक के सचिव प्रोफेसर सीताराम की अनुमति से सफल हुआ। बीवाक के प्रोफेसर राजेश चौहान व लैब अटेंडेंट विशाल ठाकुर छात्र-छात्राओं के साथ मौजूद रहे। [illegible]


(25)

## Model prepared on Tourism day Activity. 25 Sept 2023 10 Students





Principal
S. V. G. C. Ghumarwin
Distt. Bilaspur (H.P.)

## Rangoli Competition on the occasion of world Tourism Day. 27th Sept 2023 10 Students



## Mahandi Competition on the occasion of world Tourism Day. 27th Sept. 2023 4 Students



Nodal Officer
SVGC Ghumarwin

Principal
S. V. G. C Ghumarwin,
Distt. Bilaspur (H.P.)